प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजो में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की होगी जांच : शैक्षणिक संस्थाओं के लिये मान्यता संबंधी शपथ पत्र देना किया गया अनिवार्य।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित एक हजार 112 कनिष्ठ सहायकों और 12 एक्सरे टेक्नीशियन को वितरित किये नियुक्ति पत्र : कहा– अब पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हो रही है भर्तियां।
3. मुख्यमंत्री ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिये आज सहारनपुर से राहत सामग्री से भरे 48 ट्रकों को झंडी दिखाकर किया रवाना।

और

4. एकेटीयू प्राविधिक विश्वविद्यालय का 23वां दीक्षांत समारोह कल : बतौर मुख्य अतिथि अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को दी जायेगी डीलिट की मानद उपाधि।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की जांच के आदेश दिये हैं। इसके लिये टीम गठित की गई

है। जांच के दौरान प्रत्येक शैक्षणिक संस्था से शपथ पत्र लिया जायेगा जिसमें उन्हें यह स्पष्ट करना होगा कि उनके यहां चलाये जा रहे कोर्स विश्वविद्यालय और बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि जांच में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित संस्थान के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। बाइट..

*अभी योगी जी की जो घोषणा हुई है जिसमें उन्होंने एक कमेटी गठित की है जो शपथ पत्र लेगी प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों से की वो कितने कोर्स चला रहे हैं। सब कोर्स मान्यता प्राप्त है कि नहीं है। कितने छात्रों ने उसमें एडमिशन लिया है। क्या स्थिति है पूरी एजुकेशनल वो उस स्थिति का उनको शपथ पत्र देना पड़ेगा और एक स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और वरिष्ठ शिक्षा क्षेत्र का अधिकारी उस कमेटी में होगा जो जांच करेगा। अगर जो गलत पाया जाएगा तो दंडात्मक कार्रवाई होगी।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के लोक भवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित एक हजार 112 कनिष्ठ सहायकों और 12 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नौकरियों में पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया नये उत्तर प्रदेश की पहचान है। उन्होंन कहा कि अब भर्ती पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हो रही है। बाइट.....

*प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो विजन दिया उनके विजनरी लीडरशिप में उत्तर प्रदेश ने उन सभी मानकों को प्राप्त करते हुए आगे बढ़ने का जो निर्णय लिया परिणाम है आठ साढ़े आठ वर्ष के अंदर हम लोग साढ़े आठ लाख से ऊपर नौजवानों को उत्तर प्रदेश की सरकार सेवा में विभिन्न विभागों में पुलिस में शिक्षा में, स्वास्थ्य में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए समर्पित विभागों में कृषि और जल संसाधन से जुड़े हुए विभागों में सरकारी सेवा में लेने में सफल हुए हैं। एक पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती की प्रक्रिया का परिणाम है।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सहारनपुर पहुंच कर पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिये राहत सामग्री से भरे 48 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कहीं भी आपदा आयेगी, उत्तर प्रदेश सहायता के लिये तैयार रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिये राहत सामग्री के अलावा पांच करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी भेज रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री और विधायक राहत राशि लेकर जा रहे हैं। बाइट....**

*प्रधानमंत्री जी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की उस अवधारणा पर आधारित है कि आपदा अगर कहीं आएगी संकट कहीं आएगा तो कष्ट के लिए सहारनपुर भी और लखनऊ भी और बलिया भी तैयार रहेगा। हम भी उनके साथ उनके संकट में खड़े हैं और उत्तराखंड और हिमाचल में चूंकि भारी पैमाने पर आपदा के कारण बादल फटने की घटनाएं अतिवृष्टि की घटनाएं बड़े पैमाने पर हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश के नागरिकों की ओर से पांच करोड़ रुपये की सहायता अतिरिक्त उत्तराखंड को और पांच करोड़ की हिमाचल सरकार के राहत कोष के लिए भी हम लोग*

*धनराशि उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से आज यहां पर उपलब्ध करवा रहे हैं।*

————————

**वस्तु और सेवाकर यानी जीएसटी की दरों में हाल ही में किये गये सुधारों से आम नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि नई जीएसटी दरों का वस्त्र उद्योग पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।**

*कपड़ा क्षेत्र में जीएसटी दरों में बदलाव से ढांचे में गड़बड़ियां दूर होंगी, लागत घटेगी, मांग बढ़ेगी, निर्यात को समर्थन मिलेगा और नौकरियां बनी रहेंगी। कृत्रिम रेशों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वहीं कृत्रिम सूत पर इसे 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। इससे अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की समस्या दूर होगी, यानी अब रेशा, सूत और कपड़े की दरें एक जैसी होंगी। इससे निर्माताओं पर कार्यशील पूंजी का बोझ भी कम होगा। हस्तशिल्प वस्तुएँ, हथकरघा की सूती दरियाँ, हाथ से बुने गलीचे और फर्श पर बिछाए जाने वाले कवर अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में आएंगे, जो पहले 12 प्रतिशत के दायरे में थे। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि अब कपड़ा क्षेत्र के ज़्यादातर अध्याय 5 प्रतिशत के स्लैब में आ गए हैं, जिससे निर्यात और घरेलू खपत को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब सिंथेटिक कपड़ों के व्यापार में ज़्यादा प्रतिस्पर्धा बढेगी और आयात पर निर्भरता कम होगी। उद्योग जगत ने भी इन सुधारों का स्वागत किया है। कपड़ा व्यापारी सुशील गरोडिया ने मीडिया से कहा कि टैक्स ढांचा सरल होने से व्यापारियों पर बोझ घटेगा और इसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा।*

*अक्षित कुमार वैद्यान के साथ आदर्श कुमार नई दिल्ली।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उपराष्ट्रपति पद के लिए कल चुनाव होंगे। इस चुनाव में एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार और सर्वोच्चन्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों क सदस्यों वाले एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। वर्तमान में लोकसभा में 542 और राज्यसभा में 239 सदस्य हैं। इस बार उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदाताओं की संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है। इस वर्ष जुलाई में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण यह चुनाव हो रहा है।

——————————

<u>एकेटीयू–दीक्षांत समारोह</u>

लखनऊ स्थित डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एकेटीयू में 23वां दीक्षांत समारोह कल आयोजित किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति

और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। इस समारोह के मुख्य अतिथि लखनऊ के रहने वाले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला होंगे। समारोह में मेधावी छात्र–छात्राओं को 88 पदक दिये जायेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति जेपी पाण्डेय ने बताया कि समारोह में शुभांशु शुक्ला को डीलिट मानद उपाधि दी जायेगी। बाइट....

*इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमारे जो एस्ट्रोनॉट है शुभांशु शुक्ला जी, जो भारतीय एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन है, उनको डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि देंगे।*

———————————

उत्तर प्रदेश में लगभग 48 ज़िले बाढ़ की चपेट में है। इन इलाकों में राहत और बचाव कार्य जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि राज्य में गंगा, यमुना, शारदा, रामगंगा जैसी प्रमुख नदियां उफान पर हैं और लगभग 41 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जलमग्न हो गई है। एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश में गंगा, यमुना, शारदा और रामगंगा जैसी प्रमुख नदियाँ उफान पर हैं और 41 हज़ार हेक्टेयर से ज़्यादा ज़मीन जलमग्न हो गई है। आगरा, मथुरा, अलीगढ़, फ़र्रुख़ाबाद, शाहजहाँपुर और प्रयागराज ज़िले बाढ़ से सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। राज्य भर में प्रशासन द्वारा स्थापित राहत और बचाव शिविरों में 11 हज़ार से ज़्यादा लोगों ने शरण ली है। उफनती यमुना के कारण मथुरा के पुराने शहर के कई इलाकों में पानी भर गया है। वृंदावन के कुछ मंदिर बाढ़ के कारण बंद कर दिए गए हैं। परिक्रमा मार्ग भी पानी में डूबा हुआ है और श्रद्धालुओं के उस इलाके में जाने पर रोक लगा दी गई है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

——————————

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा आयोजित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता घर–घर जाकर जनता से संवाद करेंगे और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत करायेंगे। पखवाड़े के अन्तर्गत रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण जैसे सेवा कार्य आयोजित किए जाएंग।

——————————

लंका विजय में राम सेतु निर्माण के दौरान अहम भूमिका निभाने वाली गिलहरी को अयोध्या में राम मंदिर परिसर में स्थित अंगद टीले पर स्थापित किया गया है। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि मंदिर अब लगभग पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया है। इसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कल जिला प्रशासन के साथ बैठक होगी।

(समाप्त)